**फा.सं.25-।(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**(एआर अनुभाग)**

*****

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 16 नवंबर, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में अक्टूबर, 2021 का मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा अक्टूबर, 2021 माह में किए गए प्रमुख क्रियाकलापों, लिए गए निर्णयों तथा मंत्रिमंडल/ मंत्रिमंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति से संबंधित मासिक सारांश सूचनार्थ इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक: यथोक्त

सर्बेस्वर माझी

(सर्बेस्वर माझी)

उप सचिव (जीसी/पीसी)

फोन: 011 23388534

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
2. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली ।
4. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।

8. सचिव, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली।
11. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
13. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
14. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
16. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
17. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
18. सलाहकार, कृषि, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली।
19. संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री के निजी सचिव।

2) सभी माननीय राज्य मंत्रियों के निजी सचिव (डीएएचडी)।

3) एएस और एफए के प्रधान निजी सचिव।

4) पशुपालन आयुक्त के प्रधान निजी सचिव।

5) डीएएचडी के सभी संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव।

6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीएएचडी को संलग्न दस्तावेजों को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के लिए।

**फा.सं.25-I(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

*********

**अक्टूबर, 2021 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां:**

**1. गोपशु और डेयरी विकास:**

i. डीएएचडी और वित्तीय सेवा विभाग ने 13.10.2021 को बैंकों के साथ एएचडी केसीसी की प्रगति की समीक्षा की।

ii. सचिव, एएचडी ने 26.10.2021 को आत्मानिर्भर पैकेज के हिस्से के रूप में एएचडी केसीसी प्रगति के संबंध में मंत्रिमंडल सचिव द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में भाग लिया।

**2. पशुधन स्वास्थ्य:**

i. मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) की घटनाएं दोबारा होने की पुष्टि होने पर, राज्यों को एक निश्चित समय सीमा में रोग को नियंत्रण और रोकथाम के सलाह दी गई थी कि वे लिए रिंग टीकाकरण सहित तत्काल जैव-सुरक्षा और जैव-संरक्षा उपाय करने के लिए कहा गया।

ii. उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में ग्लैंडर्स की घटनाओं की पुष्टि होने पर, विभाग ने बीमारी के और आगे फैलने से रोकने के लिए राज्य को ज़ू-स्वच्छता उपायों को अपनाने, संक्रमित क्षेत्र से घोडों की आवाजाही की निगरानी करने /प्रतिबंधित करने के लिए सूचित किया।

iii. विभाग ने वन हेल्थ विद आसियान (एसोसिएशन फॉर साउथ ईस्ट एशियन नेशंस) इंडिया शिखर सम्मेलन और ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) 2021 में एंटी माइक्रोबियल

रेजिस्टेंस (एएमआर) तथा एक स्वास्थय के क्षेत्र में सहयोग के संभावित क्षेत्रों को प्रस्तावित किया।

iv. विभाग ने 18-20 अक्टूबर, 2021 के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस/वेबिनार के माध्यम से आयोजित यूरोपीय संघ के एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) उच्च स्तरीय सम्मेलन के लिए आरडीडीएल के वैज्ञानिकों के साथ-साथ अधिकारियों को नामित किया।

v. विभाग ने प्रशिक्षण और कौशल विकास की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए 11-13 अक्टूबर, 2021 के दौरान सार्क क्षेत्र के लिए आयोजित रेबीज सीरोलॉजी पर ओआईई वर्चुअल प्रशिक्षण श्रृंखला के लिए पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों और विभाग के एक अधिकारी को नामित किया।

vi. विभाग ने खाद्य सुरक्षा संबंधी कार्रवाई के लिए रूपरेखा के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए 25-28 अक्टूबर, 2021 के दौरान आयोजित क्षेत्रीय गोलमेज बैठक (वर्चुअल) में भाग लेने हेतु विभाग के एक अधिकारी को नामित किया।

vii. कोविड-19 महामारी के कारण नीट परीक्षा में हुई देरी को ध्यान में रखते हुए, विभाग ने मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा कॉलेजों में बीवीएससीऔरएएचपाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि 30.09.2021 से बढ़ाकर 28.02.2022 (या सरकार द्वारा ऐसी कोई तिथि अधिसूचित होने तक) कर दी है।

viii. विभाग ने पशु वैक्सीन संस्थान, गांधीनगर के लिए केंद्रीय पशु रोग निगरानी और नैदानिक प्रयोगशाला और रेफ्रिजरेटेड वैक्सीन वैन की स्थापना के संबंध में आरकेवीवाई-एसएलएससी के तहत गुजरात के 3.86 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की सिफारिश की।

ix. विभाग ने मंत्रालय के अधिकारियों और विश्व बैंक की टीम के सदस्यों को शामिल करते हुए "प्रभावी वन हेल्थ कार्यान्वयन के लिए पशु स्वास्थ्य प्रबंधन को मजबूत करना" नामक कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार करने के लिए 12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, 2021 तक एक परिचय मिशन का आयोजन किया। परिचय(इडेंटिफिकेशन) मिशन विशेष रूप से कार्यक्रम के उद्देश्यों और डिजाइन पर विचार-विमर्श, प्रासंगिक डेटा की पहचान और संग्रह, प्रारंभिक मूल्यांकन और परियोजना प्रस्ताव और क्रियाकलापों की समीक्षा के साथ ही परियोजना की तैयारी के लिए समयरेखा पर चर्चा करेगा।

x. विभाग ने, 28 अक्टूबर 2021 को आयोजित भारत: 2021 गंगा के मैदानी देशों के बीच सीमा पार परामर्श बैठक के लिए विभाग के एक अधिकारी को नामित किया।

xi. राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के तहत, माह के दौरान लगभग 0.19 करोड़ पशुओं की ईयर टैगिंग की गयी। एफएमडी और ब्रुसेलोसिस के लिए टीकाकरण का अगला चरण शुरू हो गया है और लगभग 55.08 लाख और 22.80 लाख पशुओं को क्रमशःएफएमडी और ब्रुसेलोसिस के लिए टीका लगाया गया है।

## 3. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम)

i. विश्व पशु दिवस 6 अक्टूबर, 2021 को माननीय कैबिनेट मंत्री (एफ़एएचडी) की उपस्थिति में मनाया गया। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड का एक इंटरैक्टिव वेब पोर्टल लॉन्च किया गया।

ii. संयुक्त सचिव (एनएलएम) एम/ओ एफ, एएच एंड डी की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स ने गुजरात और राजस्थान के कमी वाले क्षेत्र में, पंजाब और हरियाणा राज्यों में उत्पादित गैर-बासमती धान पुआल (पराली)/चारे के उपयोग के लिए संग्रह, भंडारण और परिवहन के तौर-तरीकों पर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## 4. क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी):

i. 8 अक्टूबर, 2021 को'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, हापुड़, उत्तर प्रदेश में विश्व अंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री पुरुषोत्तम रूपाला, माननीय कैबिनेट मंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी ने भाग लिया। डॉ संजीव कुमार बाल्यान और डॉ एल मुरुगन,राज्य मंत्री, मत्स्य पालन पशुपालन और डेयरी, ने भी सभा को संबोधित किया। यह उत्सव सभी कुक्कुट किसानों को प्रोत्साहित करेगा और कुक्कुट क्षेत्र के विकास के लिए काम करने के लिए उनके मनोबल को बढ़ावा देगा जो बहुमूल्य पोषण स्रोत और ग्रामीण आजीविका में योगदान देता है। कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से किसान भी शामिल हुए।

ii. 27 अक्टूबर 2021को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, पशुपालन और डेयरी विभाग ने 8 केंद्र शासित प्रदेशों और गोवा में 2000 ग्राम स्तर के शिविर आयोजित करके सामान्य सेवा केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से विभाग की उद्यमिता योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

iii. 31 अक्टूबर 2021 (राष्ट्रीय एकता दिवस) को राष्ट्रीय एकता दिवसपर' आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, पशुपालन और डेयरी विभाग ने भारत के

संस्थापकों में से एक की विरासत को मनाने के लिए, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को चिह्नित करने के लिए 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया।

iv. विभाग ने पशुपालन और डेयरी विभाग के अधिकारियों और किसानों की भागीदारी के साथ सभी संघ राज्य क्षेत्रों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए। रन फॉर यूनिटी के बाद कृषि भवन परिसर में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया गया।

**5. व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी):**

i. सचिव, एएचडी ने 27.10.2021 को कनाडा के उच्चायोग में श्री नितिन वर्मा, काउंसलर कृषि, और सुश्री मवाटे मुलेंगा, काउंसलर कृषि, और तकनीकी विशेषज्ञ सहित कनाडा के दो सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक की, जिसमें पारस्परिक हित के क्षेत्र शामिल हैं, अन्य बातों के साथ-साथ पशुपालन और डेयरी में अनुसंधान सहयोग पर चर्चा की गई।

ii. भारत - यूरोपीय संघ (यूरोपीय संघ) की पशु स्वास्थ्य पर तकनीकी कार्य समूह की तीसरी बैठक संयुक्त सचिव (जीएनएस) की सह-अध्यक्षता में 27.10.2021 को आयोजित किया गया था। बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें; यूरोपीय संघ - भारत पशु उत्पाद व्यापार, और पालतू पशुओं के आहारसंबंधी व्यापार का मुद्दा, यूरोपीय संघ से भारत में चमड़ी और खाल का आयात, यूरोपीय संघ से भारत में जर्सी और एचएफ के अलावा अन्य नस्लों से वीर्य का आयात, अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लुएंजा (एचपीएआई) का क्षेत्रीयकरणआदिशामिल हैं। भारतीय पक्ष ने भैंस के मांस के अलावा भारतीय डेयरी उत्पादों, पोल्ट्री और पोल्ट्री उत्पादों के लिए यूरोपीय संघ में बाजार पहुंच में बहुत अधिक रुचि व्यक्त की।

**6. बजट:**

वर्ष 2021-22 के लिए, अक्टूबर, 2021 तक, 3599.98 करोड़ रुपये के बजट अनुमान (बीई) के मुकाबले, व्यय 1918.09 करोड़ रुपये था। अक्टूबर, 2021 माह के दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग का व्यय 387.46 करोड़ रु. था।

**7. सोशल मीडिया क्रियाकलाप**

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज को 53,925 फॉलोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 177 रचनात्मक पोस्ट बनाए गए, 214 ट्वीट, 998 री-ट्वीट किए गए, 3 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग की फेसबुक पर 1,25,049 फॉलोवर्स हैं। विभाग के कू एकाउंट पर 35,000 फॉलोवर्स हैं। अक्टूबर 2021 के अंत तक लिंक्डइन पर 313 फॉलोवर्स तथा इंस्टाग्राम पर 256 फॉलोवर्स थे

******